




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 288 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 01 अगस्त 2024 | मूल्य 2 रुपया


## नौगांवा में महिला फंदे पर झूली, मृत्यु

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाने के तहत ग्राम नौगांवा में जो मुल्तानपुरा चौकी में आता है, वहां बीती रात्रि में एक महिला ने फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली।

चौकी पुलिस के अनुसार गायत्रीबाई पत गोपाल भाटी जाति बावरी 45 वर्ष रात्रि में परिजनों के साथ ही घर पर सोई थी। इस दौरान रात्रि में वह उठकर घर के बाहर स्थित चारे के बाड़े में पहुंची और यहां फंदे पर लटक गई। रात्रि में मृतका की बेटी जब उठी तो मां के घर पर नहीं होने पर उसने ढूंढा, बाहर देखा तो मां को लटका हुआ देखा। परिजनों को सूचना दी, जिन्होंने तुरंत महिला को फंदे से उतारा और बड़े अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मामले में खुदकुशी के कारण अज्ञात बने हुए हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

वर्षों पहले बीपीएल का सौंदर्यीकरण तो कोरोना के पूर्व गांधी चौराहे का हुआ था उन्नयन, जो नहीं दिखते अब सुंदर...

# दावे और दावे, लाखों के प्रस्ताव फिर भी बदरंग चौराहे

### एक भी चौराहे की महानगर जैसी बनावट नहीं, पुराने ढरे पर ही है मंदसौर की गतिविधि

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** यूं तो मंदसौर शहर को नगर निगम बनाने की चेष्टा शहरवासी कर रहे हैं, लेकिन मंदसौर नगर निगम बनेगा, तब बनेगा। इसके पूर्व शहर के चौराहों की सुंदरता की ही बात करें तो शहर का एक भी चौराहा ऐसा नहीं है कि उसे देखकर कोई यह कहें कि अच्छा चौराहा है। मंदसौर से बाहर से जो भी लोग आते हैं, वे चौराहे की स्थिति देखकर ही पता लगा लेते हैं कि मंदसौर के विकास की परिभाषा क्या है। उधर, वर्षों पूर्व बीपीएल चौराहे का सौंदर्यीकरण हुआ था, जिसे मुम्बई के नरीमन पाइन्ट की संज्ञा दे दी गई। वहीं कोरोना के पूर्व कांग्रेस के नपाध्यक्ष कार्यकाल में गांधी चौराहे का उन्नयन हुआ। ये दोनों चौराहे भी सुंदर दिखाई नहीं देते हैं। मजेदार बात तो यह है कि रात्रि के समय शहर के किसी भी चौराहे पर भ्रमण किया जाए तो यहां अंधेरा पसरा रहने की पूरी उम्मीद रहती है। बीपीएल और गांधी चौराहे पर जरूर लाईट है, लेकिन यह विद्युतीकरण यहां स्थिति व्यापारियों के माध्यम से होती है। नपा द्वार हर बार दावे, दावे और लाखों के प्रस्ताव बनाए जाते हैं, लेकिन, एक भी चौराहे ने महानगर जैसे चौराहे की बनावट अख्तियार नहीं की है। एक तरह से पुराने ढर्रे पर ही मंदसौर के विकास की गतिविधि बरकरार है।

नगर पालिका प्रशासन चौराहों की सुंदरता बढ़ाने के लिए हर बार केवल दावे ही कर रहा है। चौराहों की सुंदरता कागजों तक सीमित होकर रह गई है। नपा की बैठक में लाखों रुपए खर्च पर मोहरें लगाई जाती है, प्रस्ताव पास हो जाते हैं पर खर्च के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है। यही कारण है कि शहर में प्रमुख चौराहे सौंदर्यीकरण की जगह बदसूरत होते जा रहे हैं। बदसूरत चौराहों के सुंदर बनाने के लिए जिम्मेदारों ने आंखें मूंद रखी है।

**गुमटियों को हटाकर बढ़ाई जाती है चौराहे की सुंदरता–** शहर में बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा तथा भारत माता चौराहा व अंबेडकर चौराहा एवं ऊधमसिंह चौराहा, श्री कोल्ड चौराहा, रानी लक्ष्मीबाई चौराहा प्रमुख चौराहे के रूप में है। नगर पालिका के पूर्व परिषद के पूर्व के कार्यकाल में बीपीएल चौराहो को इस तरह से सजा दिया गया था, कि लोग इस चौराहे को मरीन ड्राईव की संज्ञा देने लगे थे। गांधी चौराहे का हश्र बिगड़ता जा रहा है। यहां केवल राष्ट्रीय त्यौहार पर गांधी प्रतिमा की पुताई कर इतिश्री की जा रही है। ऊधमसिंह चौराहे की सुध तो वर्षों से नहीं हो रही है। यहां केवल दावे ही किए जा रहे हैं। चौराहे की सुंदरता बढ़ाने के लिए गुमटियों वालों को हटा कर जिम्मेदारों ने आंखें मूंद ली है। अंबेडकर चौराहे की तो कोई भी सुध नहीं ले रहा है। दलित समाज वर्ग द्वारा भी इस चौराहे की सुंदरता बढ़ाने के लिए कई बार मांगें की गई, ज्ञापन दिया गया। इसके बाद भी विकास के लिए कदम आगे नहीं बढ़ाए गए हैं। महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर प्रताप जयंती पर ही राजपूत समाज द्वारा मूर्ति की सुध ली जाती है। वहीं भारत माता चौराहा जो शहर की शान है। इस चौराहे की दशा सुधारने के लिए आज तक पहल तक नहीं की गई है।

**रात्रि में विद्युत सज्जा से चमकने चाहिए चौराहे–** किसी भी शहर की सुंदरता उसके चौराहे से ही नापी जा सकती है। शहर में प्रमुख चौराहे चमकने की जगह अंधेरे में डूबे हैं। बीपीएल चौराहे पर पूर्व में छतरी लाईटिंग व डेकोरेशन हुआ करता था, जो पूर्व के जमाने की बात हो गई है। गांधी चौराहे पर लगी हाईमास्क लाईट भी कभी बंद तो कभी चालू रहती है, जिसमें भी एक-दो बल्ब ही जलते हैं। अंबेडकर चौराहा तो हमेशा से ही अंधेरे में ही रहता है। इस तरह रात में चौराहे से कोई बाहरी व्यक्ति निकल भी जाए तो उसे समझ में भी नहीं आएगा कि वह किसी प्रमुख चौराहे से निकला है।

इस संबंध में नपा सीएमओ सुधीर

बेपरवाह रहा एएसआई गाली देकर बोला–पत्नी की सेवा करुं या तुम्हारी...

# पवन चक्की के सुरक्षा गार्ड की पत्थरों से कुचलकर हत्या

### ग्रामीणों ने किया सड़क पर शव रखकर चक्काजाम, एएसआई गजेंद्र शर्मा निलंबित

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बदमाशों की टोली ने विंड पॉवर कंपनी की पवन चक्की के सुरक्षा गार्ड की पत्थरों से कुचलकर हत्या कर दी। अलसुबह करीब साढ़े तीन बजे गरोठ क्षेत्र स्थित मेलखेड़ा रोड स्थित सगोरिया से मानपुरा जाने वाले कच्चे रास्ते पर यह वारदात हुई। यहां चोरों की टोली पिकअप में सवार होकर पवन चक्की से ऑयल और कॉपर वायर चोरी करने की फिराक में रही। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड ने देख लिया और फिल्ड ऑफिसर को सूचना दी। फिल्ड ऑफिसर ने एएसआई गजेंद्र शर्मा को कॉल कर सूचना दी। गजेंद्र शर्मा ने घटनाक्रम नहीं सुनते हुए गाली देते हुए कहा कि बीमार पत्नी की सेवा करुं या तुम्हारी...सोने देगा कि नहीं। बल्कि एएसआई खुद एक्शन नहीं लेता, लेकिन थाने पर तुरंत सूचना दे सकता था। इधर पुलिस सूचना के बाद भी नहीं पहुंची। वहीं चोरों ने सिक्योरिटी गार्ड पर हमला बोल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इधर आक्रोशित लोगों ने बर्डिया अमरा में सड़क पर शव रखकर हंगामा किया। वहीं फिल्ड ऑफिसर और एएसआई के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल हुई। पुलिस कप्तान को रिकॉर्डिंग के साथ शिकायत की गई। जिसके बाद एएसआई को तुरंत निलंबित दिया गया।



बुधवार अलसुबह पिकअप में सवार होकर चोर चोरी की नियत से पहुंचे। यहां सिक्योरिटी गार्ड विशाल प्रजापति निवासी खजूरी रुंडा ने चोरों को पिकअप से उतरते हुए देख लिया। इसके बाद फिल्ड मैनेजर दीपक मालवीय को सूचना दी। दीपक ने एएसआई गजेंद्र शर्मा को कॉल किया। गजेंद्र शर्मा ने गाली देते हुए कहा कि थाने पर लगा। सोने देगा कि नहीं। दीपक ने इस तरह से बात करने पर मानवाधिकार आयोग में शिकायत करने की बात कहीं। लेकिन वर्दी की गर्मी में चूर गजेंद्र शर्मा ने कहा कि अभी कर तू शिकायत अभी कर। इस बातचीत की रिकॉर्डिंग भी वायरल हुई है। इधर पुलिस मौके पर समय रहते पहुंच ही नहीं पाई। वहीं चोरों ने सिक्योरिटी गार्ड पर पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे सिक्योरिटी गार्ड विशाल को सिर में गंभीर चोटें आई। उसे अस्पताल ले जाया गया। लेकिन उसकी मौत हो गई। इधर सुबह फिल्ड ऑफिसर और एएसआई के बीच हुई बातचीत की रिकॉर्डिंग वायरल हो गई। फील्ड मैनेजर ने एएसआई की शिकायत एसपी अनुराग सुजानिया से की। उन्हें कॉल रिकॉर्डिंग भी भेजी। एएसपी हेमलता कुरील ने बताया कि हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। अपशब्द कहने वाले पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया है। मामले की जांच की जा रही है। बताते हैं कि बदमाशों ने हत्या के पूर्व एक गोदाम पर चोरी की वारदात की थी, जहां से उपज चुराकर वे पवन चक्की तक पहुंचे थे।

**टीआई साहेब उदय अलावा ने बोला था–** इधर जो रिकॉर्डिंग वायरल हुई है। उसके अनुसार फिल्ड ऑफिसर दीपक मालवीय ने एएसआई गजेंद्रसिंह को इमरजेंसी केस होने के कारण कॉल करने की बात कहीं। लेकिन एएसआई ने एक नहीं सुनी। एएसआई ने गाली गलौज करते हुए पत्नी की बीमार होने और उसके सेवा करने की बात कहीं। इधर फिल्ड ऑफिसर ने यह भी कहा कि टीआई उदय अलावा साहेब ने बोला था। मतलब कहीं न कहीं फिल्ड ऑफिसर की ....... **शेष पेज 3 पर**



#### यह हुई फिल्ड ऑफिसर और एएसआई के बीच बातचीत

**दीपक :** हेलो सर, नमस्कार

**एएसआई :** कौन बोल रहे हो?

**दीपक :** सर, मैं दीपक बोल रहा हूं। पवन चक्की का फील्ड ऑफिसर हूं।

**एएसआई :** फील्ड ऑफिसर, रात को वहां लगा न थाने पर फोन। सोने देगा या नहीं आधी रात को। मेरी घरवाली बीमार पड़ी है। मैं, इसकी सेवा करूं कि तुम्हारी।

**दीपक :** इमरजेंसी केस है सर। आदमी को गोली मार रहा है, मैंने इसलिए आपको फोन लगाया। गाली कैसे दे रहो हो आप?

**एएसआई :** तू 100 डायल लगा पहले।

**दीपक :** मानव अधिकार आयोग में शिकायत करूंगा मैं आपकी। गाली कैसे दे रहे हैं आप।

**एएसआई :** जल्दी कर अभी... जल्दी कर अभी...। इसके बाद फोन काट दिया।

## सर्पदंश से महिला की मृत्यु

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम रायसिंह पिपलिया निवासी एक महिला की बुधवार को सर्पदंश से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार सीताकुंवर पति दशरथसिंह 52 वर्ष बुधवार को घर पर घरेलू कार्य कर रही थी, तब सांप ने उसे काट लिया। परिजन उसे बड़े अस्पताल लेकर आए, यहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

साढ़े तीन घंटे चली क्राईम बैठक में थानेवार अपराधों की समीक्षा, प्रभावी गश्ती पर दिया जोर...

# कप्तान ने ली थानों के जिम्मेदारों की क्लास

### नाहरगढ़, पिपलिया और कोतवाली के फिसड्डीपन को सुधारने की दी हिदायत

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने बुधवार को जिले के सभी थाना निरीक्षकों एवं अनुभाग अधिकारियों की बैठक ली। क्राईम बैठक में थानों के जिम्मेदारों की क्लास ली गई है। वन टू वन थानेवार अपराधों की न केवल समीक्षा की वरन् जिन थाने के जवाबदारों ने अपने कौशल का परिचय नहीं दिया, उन्हें स्थिति सुधारने को भी कहा है। बैठक में नाहरगढ़, पिपलिया और कोतवाली थाने के फिसड्डीपन के नजरिये को सुधारने की हिदायत दी गई। साथ ही रात्रि गश्त पर भी कप्तान ने गौर फरमाया है, उन्होंने सभी थानों को सही गश्त करने पर जोर दिया।



कंट्रोल रूम परिसर में क्राईम बैठक सुबह 11 बजे से शुरू हुई, जो ढाई बजे तक चली। साढ़े तीन घंटे चली बैठक में कप्तान सुजानिया ने सभी थानों पर पेंडिंग अपराधों को तत्काल हल करने के निर्देश दिए, वहीं संपत्ति अपराधों एवं चोरी की घटनाओं को अंकुश लगाने व ऐसी घटनाओं की पतारसी तत्परता से करने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि गश्त प्रभावी हो। एक तरह से कप्तान सुजानिया ने पिछले समय में घटित अपराधों की पतारसी का विश्लेषण किया। पेंडिंग अपराध सहित माइनर प्रकरणों का निपटान में भी तेजी लाने के लिए कहा गया है।

**बॉर्डर पर रखें नजर, दबिश भी दी जाती रहे–** क्राईम की समीक्षा बैठक में कप्तान सुजानिया ने कहा है कि बॉर्डर पर नजर बनाए रखें, दबिश भी दी जाती रहे। सीएम हेल्पलाईन संबंधी पेंडिंगता भी उन्होंने विश्लेषण कर कहा कि इन्हें शीघ्रता से निपटाएं। बैठक में कप्तान ने कुछ पुलिस अधिकारियों पर भी सख्ती दिखाई यानी पुलिसिया डांट लगाई। इसके अलावा मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में भी धरपकड़ के निर्देश दिए गए हैं।

**जहां मनचले घुमते हो, वहां पेट्रोलिंग की जाए–** बैठक में निर्देशित किया गया है कि जहां मनचले घुमते हों, वहां पेट्रोलिंग की जाए। वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी रखी जाए। कोतवाली में वाहन चोरी की संख्या बढ़ी है, इस पर भी उन्होंने पेट्रोलिंग की बात कही है। इसके अलावा महिला संबंधी अपराधों पर सक्रियता बरतने को भी कहा है। साथ ही अवैध वसूली एवं संपत्ति वाले अपराधों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एएसपी गौतम सोलंकी, सीएसपी सतनामसिंह, मल्हारगढ़ एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी सहित सभी थानों के प्रभारी एवं चौकी प्रभारी मौजूद थे।

नीमच शहर के गांधी वाटिका के बाहर की घटना, आरोपी युवक कांग्रेस कार्यकर्ता...

## प्यार में पागल युवक ने युवती पर चाकू से किया हमला

**नीमच, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच शहर में कांग्रेस के एक युवा नेता ने प्यार में पागल होते हुए एक युवती पर चाकू से हमला कर दिया। ताबड़तोड़ एक के बाद एक 7 वार किए। युवती गंभीर घायल होने के बाद सड़क पर गिर गई तो इस युवा नेता ने उस पर प्यार में धोखा देने का आरोप लगाया। फिर वहां से भाग निकला।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां से परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। पुलिस आरोपी कुलदीप वर्मा (23) को राउंडअप कर लिया है। वारदात नीमच के कैंट थाना इलाके में गांधी वाटिका के बाहर बुधवार दोपहर की है। 20 वर्षीय युवती बोहरा बाजार की रहने वाली है। केसरपुरा निवासी कुलदीप वर्मा कॉलेज स्टूडेंट है। यूथ कांग्रेस से जुड़ा है।

**दोनों के बीच बहस हुई थी–** प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि .... **शेष पेज 3 पर**

सब्जियों के दामों पर कंट्रोल, सब्जी मंडी में बंपर आवक से...

# टमाटर और प्याज के दाम हुए आधे, गोभी-लौकी भी हुई सस्ती

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कुछ दिनों पहले बारिश की खेंच ने सब्जियों के दाम आसमान पर पहुंचा दिए। जिससे कीचन का बजट बिगड़ गया। हालांकि अब सब्जियों के दाम कंट्रोल में है। बरसात के बाद अब सब्जी मंडी में नई सब्जियों की बंपर आवक हो रही है। इसके चलते भावों में गिरावट आई है। जून माह में आसमान छू रहे सब्जियों के दाम जुलाई में गिरना शुरु हो गए हैं। इससे हरी मिर्च का तीखापन भी कम हुआ हैं, वहीं टमाटर के दाम भी कम हुए हैं।



### 30 से 50 फीसदी तक की गिरावट...

टमाटर, मिर्च, गोभी और लौकी के दामों में 30 से 50 फीसदी तक गिरावट हुई है। दो माह पहले 70 से 90 रुपये किलो तक बिक रही मिर्च-टमाटर अब 35 से 40 रुपये प्रतिकिलो हो गए। कृषि उपज मंडी में प्याज थोक में 20 से 25 रुपये किलो बिक रहा है। जबकि रिटेल में प्याज 40 रुपये किलो हैं।

### बंपर आवक से भावों में गिरावट...

सबजी विक्रेता सद्दाम हुसैन ने बताया कि सब्जियों की बंपर आवक से भावों में गिरावट हुई है। अब सब्जियां 15 दिन पहले के मुकाबले 30 से 50 फीसदी तक सस्ती हो गई है। मेथी, पालक कद्दू, फूल गोभी , अदरक करेला, गिलकी में भी गिरावट दर्ज हुई है।

| सब्जी | भाव अभी | भाव 15 दिन पहले |
|---|---|---|
| आलू | 30 | 50 |
| बैगन | 30 | 60 |
| टमाटर | 50 | 100 |
| हरी मिर्च | 50 | 120 |
| शिमला मिर्च | 60 | 80 |
| हरा धनिया | 80 | 200 |
| लौकी | 30 | 60 |
| गिलकी | 60 | 80 |
| तरोई | 40 | 60 |
| मैथी | 30 | 70 |
| पालक | 30 | 60 |
| कद्दू | 30 | 50 |
| अदरक | 100 | 170 |
| करेला | 50 | 80 |
| फूल गोभी | 40 | 80 |
| पत्ता गोभी | 40 | 80 |
| प्याज | 30 | 60 |
| भिंडी | 20 | 60 |
| नींबू | 50 | 200 |

इंजीनियर के रिटायरमेंट का चल रहा था प्रोग्राम, इधर हो गई दुर्घटना...

# कृषि मंडी में ट्रक के पहिये की चपेट में आया युवा किसान, गंभीर

### ट्रक छोड़कर ड्राईवर भागा, अमलावद निवासी है किसान, कमर में है गंभीर चोट

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी मंदसौर के अंदर परिसर में बुधवार शाम को ग्राम अमलावद निवासी एक किसान यशवंत कुमावत ट्रक की चपेट में आ गया। गेट से अंदर आ रहे मिनी ट्रक के चालक ने लापरवाही बरती, जिससे किसान दुर्घना होकर गिरा और पहिये की चपेट में आ गया। पहिया उसके कमर की ओर पहुंचा है। बताते हैं कि कमर में गंभीर चोट आई है। यह तो गनीमत रही कि ट्रक धीमी रफ्तार में था, नहीं तो दुर्घटना बड़ी होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। सूचना पर मौके पर यशोधर्मन नगर थाने की पुलिस पहुंची, जिन्होंने ट्रक को कब्जे में लेकर थाने परिसर में खड़ा करवा दिया है। जबकि ड्राईवर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है।

पुलिस के अनुसार यशवंत पिता भेरुलाल कुमावत 28 वर्ष ग्राम अमलावद में रहता है। वह गांव से सोयाबीन लेकर मंदसौर मंडी में बेचने आया था। बुधवार शाम को यशवंत कुमावत फसल का भुगतान लेने पहुंचा था। इस दौरान वह मंडी व्यापारी अशोक कर्नावट के कार्यालय तक पहुंचा, यहां से वह बाहर निकला। बाहर आने के बाद यशवंत को लघुशंका होने पर वह सुविधाघर पहुंचा। यहां से परिसर में ही टर्न के यहां पहुंचा था कि मंडी के अंदर रोड से आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक एमएच 19 जेड 2634 के चालक ने उसे चपेट में ले लिया। बताते हैं कि युवा किसान यशवंत पहले ट्रक से टकराया, फिर वह गिरा और पहिये की चपेट में आया। उधर, मंडी कार्यालय में इंजीनियर नीमाजी का रिटायरमेंट की दिनांक थी, ऐसे में वहां रिटायरमेंट समारोह भी था। किसान के ट्रक की चपेट में आकर घायल होने की सूचना मिलने पर मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसोदिया ने तुरंत कर्मचारियों को मौके पर भिजवाया। वे भी पहुंचे। यशोधर्मन नगर थाना पुलिस को भी सूचना दी। दुर्घटना के बाद मंडी के वाहन से ही घायल युवा किसान यशवंत को बड़े अस्पताल लाया गया। यहां हड्डी वार्ड में वह भर्ती है, जिसका उपचार चल रहा है। कमर में चोट लगने पर उसे रैफर भी किया जा सकता है। मामले में मौके पर मंडी इंस्पेक्टर सुमन भाबोर ने पंचनामा बनाया। उधर, यशोधर्मन नगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

**किसान की उपज चोरी मामले में गिरोह तक नहीं पहुंच सके जिम्मेदार–** कृषि उपज मंडी मंदसौर में पिछले दिनों एक किसान की 8 क्विंटल सोयाबीन चोरी हो गई थी। मामले में मंडी समिति ने 3900 के भाव से किसान को भुगतान करवा दिया। लेकिन, उपज चोरी किसने की और इसमें कौन शामिल है, यह सामने नहीं आ सका है। मंडी की प्रशासनिक समिति ने गिरोह को काबू करने के दावे किए थे। कई दिन बीत गए हैं, जबकि गिरोह का खुलासा नहीं हो पाया है।

मुंबई और इंदौर जैसे शहरों से डायरेक्ट कनेक्टिवीटी...

# तस्करों के लिए सुलभ राह बना एक्सप्रेस वे

### पत्थरों पर कंट्रोल नहीं, तस्करों को पकड़ना चुनौती

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** दस दिन पहले भानपुरा के पास स्थित दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे से सीबीएन की टीम ने मादक पदार्थ से भरा ट्रक पकड़ा। इसी तरह से सीबीएन पहले भी एक्सप्रेस वे पर कार्रवाई कर चुकी है। इधर एक्सप्रेस वे तस्करों के लिए सुलभ राह यानी मददगार साबित हो रहा है। इसका कारण है कि पुलिस एक्सप्रेस पर पत्थरबाजों पर कंट्रोल नहीं कर पा रही। तस्करों को पकड़ना चुनौती है। वहीं मुंबई और दौर जैसे शहरों से एक्सप्रेस वे के माध्यम से डायरेक्ट कनेक्टिवीटी भी है। जहां वाहन स्पीड के मामले में हवा से बात करते हैं। हालांकि रतलाम पुलिस ने एक्सप्रेस वे पर छह चौकियां बनाने का निर्णय लिया है।

**मंदसौर के रास्ते तस्करी–** मुंबई और इंदौर जैसे शहरों में एमडी ड्रग्स के आदी लोगों की संख्या ज्यादा बढ़ रही है। ऐसे में मंदसौर के रास्ते इन शहरों में इस महंगे ड्रग्स की तस्करी हो रही है। एमडी ड्रग्स के रिटेलर और होलसेलर भी मंदसौर में पैदा हो गए है। इसका प्रकाणा है कि पुलिस ने ढाबों पर भी सीमित मात्रा में ड्रग्स पकड़ी है और बड़ी खेप भी मंदसौर पुलिस ने एमडी की पकड़ी है। मतलब साफ है कि पहले जहां डोडाचूरा हाईवे के ढाबों पर पहुंचने की बातें सामने आती थी, वहीं अब एमडी जैसी महंगी ड्रग्स भी पहुंच रही है।

**मादक पदार्थ कारोबारियों का नया रूट भी तैयार–** इधर एक और बात सामने आ रही है कि मंदसौर से होते हुए मुंबई और इंदौर जैसे शहरों में एमडी ड्रग्स पहुंच रही है। क्राइम ब्रांच, पुलिस और नारकोटिक्स पुलिस की कार्रवाई अभी यही बयां कर रही है। इन कार्रवाइयों में एक नया तस्करी का रूट भी बताया जा रहा है, जो इंदौर मंदसौर मुंबई है। डोडा चूरा कम तो सबसे अधिक इसमें हीरोइन और एमडीएमए के अलावा अन्य मादक पदार्थ की तस्करी इसी रूट से हो रही है। अभी मुंबई से इंदौर मार्ग नए बन रहे हैं। ऐसे में इन मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाना जिले की पुलिस के लिए चुनौती भी है। यह तय है कि इस मार्ग पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में बढ़ोतरी होगी।

**एमडीएमए ड्रग और स्मैक की सबसे अधिक तस्करी–** एमडीएमए और स्मैक सबसे महंगे मादक पदार्थो में से है। एमडीएमए ड्रग एक सिंथेटिक है। इसका चलन इंदौर मुंबई सहित बड़े शहरों में अधिक है जिले में दोनों बड़े शहरों की कनेक्टिविटी सड़क और ट्रेन मार्ग से अच्छी है। इसको आसानी से छिपाया जा सकता है। इसकी कम मात्रा में भी अधिक नशा होता है और इसकी तस्करी से रुपयों का फायदा भी तस्करों को अधिक होता है। इसलिए तस्करों के द्वारा को बड़े-बड़े शहरों में इसे अधिक खपाया जाता है। इसमें की तस्करी भी इंदौर मंदसौर मुंबई रूट पर सालों से की जा रही है। कई बड़ी लाइन से जुड़े थाने सुवासरा, शामगढ़, गरोठ, भानपुरा ने इसमें के मामले दर्ज किए हैं।

**ज्यादातर कॅरियर व्यक्तियों का उपयोग–** मुख्य तस्करी के सरगना खुद तस्करी नहीं करते। बल्कि तस्करी के लिए कॅरियर व्यक्तियों का उपयोग करते हैं। पंद्रह हजार से डेढ़ लाख रुपए तक कॅरियर को हायर किया जाता है। इसके बाद इनसे तस्करी कराई जाती है। पुलिस अधिकांश मामलों में मुख्य तस्करों तक नहीं पहुंच पाती। अधिकांश मामलों में कॅरियर ही सलाखों के पिछे पहुंच पाए है। जबकि मुख्य गुनहगार पुलिस की गिरफ्त में नहीं पहुंचे।

#### ✻✻ यह है कार्रवाई के प्रमाण ✻✻

✻ करीब चार माह पहले केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे गरोठ शामगढ़ रोड के निकट लोडिंग पिकअप से अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। यहां से अधिकारियों ने तरबूज की आड़ में ले जायाजा रहा 233 किलो से ज्यादा डोडाचूरा पकड़ा था।

✻ पद्रह दिन पहले केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), मंदसौर-डिवीजन के अधिकारियों की एक निवारक टीम ने 10 जुलाई को नीमथुर टोल नाका, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे, भानपुरा के पास एक ट्रक को रोका और 659.120 किलोग्राम वजन वाले कुल 30 बैग पोस्ता भूसा बरामद किया था।

# प्रमुख सचिव पर्यटन शुक्ला के निर्देशन में क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न

**188 स्कूलों के 564 विद्यार्थियों ने लिया पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में लिया हिस्सा**



**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन द्वारा लगातार पर्यटन को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिव शेखर शुक्ला के निर्देशन में मंदसौर में स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को पर्यटन एवं संस्कृति से परिचित कराने के लिए मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता-2024 का आयोजन किया गया है। 188 स्कूलों के 564 विद्यार्थी ने शहर स्थित लीड कॉलेज जिला स्तरीय मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के पर्यटन से जुड़े प्रश्नों का शामिल किया गया था। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों से पशुपतिनाथ मंदिर किस नदी के किनारे स्थित है, विभिन्न किलों के निर्माण व नदियों सहित अन्य जानकारियां पूछी गई। मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं जिला प्रशासन पर्यटन को बढ़ावा देने कर रहा लगातार नवाचार किया जा रहा है। पीजी कॉलेज में लिखित प्रतियोगिता हुई तो वहीं मल्टी मीडिया क्विज का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार, विधायक श्री विपिन जैन, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता प्रितेश चावला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र डाबी, स्कूल टिचर एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

क्विज मास्टर व खजुरिवा सारंग विद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता गोधा ने बताया कि मप्र पर्यटन द्वारा जिले सहित प्रदेश के बच्चों को प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगों, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित करवाने व पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से कक्षा 12वीं के सभी छात्र-छात्राएं द्वारा भाग लिया गया। पर्यटन क्विज शैक्षणिक पाठ्यक्रम के आधार पर ना होकर आसपास के परिवेश व प्रदेश के पर्यटन से संबंधित विषय बस्तु के आधार पर होती है। प्रतियोगिता में विजेता एवं उपविजेता टीम को प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिये गए।

## जिला पंचायत सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 16 को

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 16 अगस्त 2024 को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी।

## राजस्व महाअभियान अंतर्गत आज निम्न गांवों में लगेगा कैम्प

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर द्वारा बताया गया कि राजस्व महाअभियान (2.0) 31 अगस्त 2024 तक कैम्प आयोजित किये जाएगें। जिसके अंतर्गत हल्के के ग्रामों में बी-1 वाचन, नक्शे में तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र आधार से ई केवायसी, खसरा से समग्र आधार से लिकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का सीमांकन, नामातरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, डीबीटी का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 1 अगस्त को खजुरीबडायला, छाजुखेड़ा, बीड निरधारी, रिण्डा, रूपावली एवं डासिया में कैम्प आयोजित किये जाएगें।

# खेल स्टेडियम में हुए घटिया निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे सीएमओ

**ठेकेदार का बचाव करते नजर आए भृष्ट इंजीनियर यश निगम**

**सुवासरा, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के स्वामी विवेकानंद खेल स्टेडियम में हुए हुए घटिया निर्माण की जांच करने सीएमओ और इंजीनियर बुधवार को पहुंचे मीडिया में ख़बर आने के 10 दिन बाद नगर परिषद के दोनों जवाबदारी स्टेडियम पहुंचे। यहां पर निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने क्षतिग्रस्त बाउंड्रीवाल सहित अन्य जगह का अवलोकन किया। लेकिन इंजीनियर यश निगम ठेकेदार का बचाव करते हुए देखे गए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने जब क्षतिग्रस्त निर्माण देखा तो इंजीनियर ने उसे मामूली बताकर टालने की कोशिश की। निरीक्षण के बाद सी एम ओ ने इंजीनियर को संबंधित ठेकेदार को नोट देने की तैयारी करने के लिए कहा। स्टेडियम में बाउंड्री वॉल के साथ अन्य जगह भी खामियां देखी गयी। नगरवासियो की वर्षो की मांग के बाद नगर को स्टेडियम की सौगात मिली। लेकिन ठेकेदार के द्वारा घटिया निर्माण के कारण स्टेडियम का निर्माण कई जगह से क्षतिग्रस्त हो रहा है। लोक निर्माण सभापति उषा वर्मा भी घटिया निर्माण का आरोप लगा चुकी है। लेकिन ठेकेदार के चहेते उसे बचाने में लगे हुए है। हालांकि सी एम ओ ठेकेदार को नोटिस देकर मरम्मत करवाने की बात कर रहे है। विधायक की प्रशासन पर ढीली पकड़ के कारण अधिकारी अपनी मनमर्जी कर रहे है।

आज स्टेडियम का निरीक्षण किया। गुरुवार को ठेकेदार को नोटिस भेजकर स्टेडियम की मरम्मत करवाएंगे।

**संजय सिंह राठौर**
**सी एम ओ सुवासरा**

लोक निर्माण सभापति उषा पृथ्वीराज वर्मा ने बताया कि खेल स्टेडियम मे शुरू से ही घटिया निर्माण हुआ है और इसमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी शिकायत मैंने निकाय के वरिष्ठ अधिकारियों को दो साल पहले ही कर दी थी लेकिन उनके द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई अब इस मामले मे जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को संज्ञान लेकर इस पूरे मामले की जांच करवानी चाहिए और इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए

# भगवान का जो रूप आपको पसंद है उसकी पूजा करों, पर पूजा अवश्य करों-स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में प्रारंभ हो चुका है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।

बुधवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने भगवान की पूजा विधान के बारें में बताते हुए कहा कि भगवान के अनेक रूप है लेकिन वह है एक ही। आपकों को भगवान का जो रूप पसंद हो उसकी पूजा करें लेकिन पूजा अवश्य करें। शास्त्रों में भगवान की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है इसका हमारे जीवन में प्रभाव भी अनुकूल होता है। आपने बताया कि सनातन धर्म में पंच देवता पूजन का विधान है आप चाहो शिवजी की पूजा करों, हनुमान जी की करों, विष्णु भगवान की करों, दुर्गा मां की करों किसी भी भगवान की पूजा करों सब एक ही है। शास्त्रों के अनुसार पूजा करने से पूर्व स्वयं को स्नान आदि से शुद्ध करना चाहिए शुद्ध वस्त्र से भगवान की पूजा करनी चाहिए। भगवान के सम्मुख बैठना चाहिए कभी भगवान के पीछे बैठकर पूजा नहीं करना चाहिए। भगवान के पिण्ड या मूर्ति को शुद्ध जल से शुद्ध करना चाहिए फिर मंत्रोचार के साथ विधि विधान से पूजा करना चाहिए।

**भगवान कभी भक्त को नहीं छोडते**-स्वामी जी ने बताया कि भगवान कभी अपने भक्त को नहीं छोडते है वे सदैव हमारे साथ रहते है बस सिर्फ उनके प्रति मन में विश्वास कायम रखना चाहिए। बुरे समय में व्यक्ति का परिवार, मित्र आदि उसका साथ छोड सकते हैं लेकिन भगवान कभी अपने भक्त को अकेला नहीं छोडते है। पूजा करते समय मन में यह भाव रखों कि सामने मूर्ति नहीं साक्षात भगवान है फिर देखों आपका मन कहीं ओर नहीं भटकेगा। धर्मसभा में केशव सत्संग भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीशचंद्र सेठिया ने बताया कि ट्रस्ट को जय प्रकाश गर्ग द्वारा सात कुर्सियां भेंट की गई है। अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जगदीशचन्द्र सेठिया, कारूलाल सोनी, जय प्रकाश गर्ग, घनश्याम सोनी, विनोद कुमार गुप्ता, मदनलाल यति, शांतिलाल हलकारा, जगदीश गर्ग, आर सी पंवार, आर सी पाण्डे, पं शिवनारायण शर्मा, राजेश तिवारी, प्रवीण देवडा सहित बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

# राजकुमार धनगर बने राष्ट्रीय गौरक्षक विभाग भारत के जिला मीडिया प्रभारी



**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पशुपतिनाथ महादेव की नगरी मंदसौर में बुधवार को पधारें राष्ट्रीय गौरक्षक विभाग भारत के राष्ट्रीय संत श्री 1008 स्वामी सुरेशानंद जी महाराज का राष्ट्रीय गौ रक्षा विभाग भारत संगठन के मंदसौर टीम द्वारा खाटू श्याम मंदिर में पुष्प माला व मिठाई खिलाकर किया स्वागत किया गया। साथ में खाटू श्याम मंदिर के पुजारी को भी पुष्प माला पहनकर खाटू श्याम मंदिर के पुजारी का भी स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय संत ने संगठन में नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करवाई गई, जिसमें राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मुकेश शर्मा झिरकन कि अनुशंसा पर एवं प्रदेश अध्यक्ष शुभम कुमावत इंदौर, संभाग अध्यक्ष बापूलाल डांगी संभाग मिडिया प्रभारी मनोज परिहार की अनुमति से राजकुमार धनगर जोगीखेडा को राष्ट्रीय गौ रक्षक विभाग भारत संगठन मंदसौर जिला मिडिया प्रभारी पद पर राष्ट्रीय संत 1008 स्वामी सुरेश आनंद के मुखारविंद से खाटू श्याम मंदिर मन्दसौर में मनोनीत किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी मुकेश शर्मा झिरकन, संभाग अध्यक्ष बापूलाल डांगी, सम्भाग मीडिया प्रभारी मनोज परिहार, जिला अध्यक्ष ईश्वरसिंह सिसोदिया, जिला ग्रामीण अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण खिंची, जिला संयोजक अनिल शोकरी, मंदसौर जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार धनगर, राजू गुराडिया देदा, आदी संगठन के सदस्य उपस्थिति रहे।

# सरदार उधम सिंह का बलिदान दिवस मनाया

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** देश के महान क्रांतिकारी, आजादी के महानायक सरदार उधम सिंह का बलिदान दिवस दशपुर जागृति संगठन द्वारा 31 जुलाई को प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर सरदार उधमसिंह की प्रतिमा को माल्यार्पण कर मनाया।

इस अवसर पर संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा ने कहा क्रांति को ज्यादा समय नहीं बिता लेकिन देश के राजनेताओं को ऐसे महान क्रांतिकारियों के लिए समय भी नहीं मिल रहा है। देश के अंदर राजनेताओं की लगातार संपत्ति बढ़ना, अशिक्षित राजनेताओं का सदन में जाना, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होना, ऐसे कई कारण है जो आज हमारे उधम सिंह को याद करने की उनको फुर्सत नहीं है। राष्ट्र को आजाद हुए ज्यादा समय नहीं बिता लेकिन राष्ट्र ने क्रांतिकारियों को भुला दिया यह शुभ संकेत नहीं।

इस अवसर पर दशपुर जागृति संगठन के संरक्षक एवं 14 वर्षों से सेवारत राजाराम तंवर ने कहा कि संगठन लगातार मांग कर रहा है कि भ्रष्टाचारियों को जेल में डालो तो देश स्वत: मजबूत हो जाएगा। संगठन के वरिष्ठ सदस्य कन्हैयालाल सोनगरा ने कहा कि हम बहुत तेजी से नगर के अंदर महान क्रांतिकारियों की स्थापना के साथ ही उनके द्वारा किए कार्यों की एक बगीचा पूरा बनाकर नगर की जनता को समर्पित करेंगे। यह मांग नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के समक्ष रखी जाएगी। संगठन के देशभक्ति गायक कलाकार महेश शर्मा ने कहा मैं अपने छोटे से पोते को लेकर देशभक्ति जगाने के लिए आता हूं लेकिन मुझे दुख होता है कि शासन एवं प्रदेश की सरकार जिनको बजट दे रही है गाडी और साधन देती है उन्हें आज



क्रांतिकारियों के लिये आज घर से निकलने की फुर्सत नहीं है। लंबे लंबे भाषण देशभक्ति के दिए जाते हैं लेकिन उनके जीवन में देशभक्ति झलकती नहीं। आज अधिक संपत्ति के मामले में कई अधिकारियों की जांच की जाए तो वह कटघरे में खडे किए जा सकते हैं। सक्षम के प्रांत प्रभारी संगठन के वरिष्ठ रविंद्र पांडे ने ओजस्वी नारे लगाते हुए कहा उधम सिंह का यह बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान जनरल डायर द्वारा जलियांवाला बाग हत्याकांड जो किया गया था उसका बदला लेने वाले उधम सिंह ने प्रतिक्षण अपनी जिंदगी का भारत मां को समर्पित करते हुए लंदन में जाकर भरी असेंबली में अपने फायर करते हुए जनरल डायर को ही खत्म कर दिया और कहा कि यह मां भारती आज मेरा संकल्प पूरा हुआ। ऐसी देशभक्ति की नगर को बहुत आवश्यकता है।

## हॉकी में केन्द्रीय विद्यालय को गोल्ड एवं सिल्वर मेडल, 13 खिलाड़ी नेशनल में चयनित



**नीमच, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय विद्यालय के खेल शिक्षक अनिल कुमार यादव एंवम् प्रशिक्षक बाबूराम क्षेत्री ने बताया की नीमच केन्द्रीय विद्यालय की अंडर 17 वर्ष बालिका रोजनल हाकी प्रतियोगिता गत दिनो भोपाल में आयोजित की गई थी। जिसमें फायनल मैच में नीमच ने ईटारासी को 2-0 से हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया, बालक वर्ग रीजनल हाकी प्रतियोगिता अंडर 17 वर्ष का आयोजन ग्वालियर में किया गया। जिसमे मंदसौर ने नीमच को 3-1 से हराया, नीमच को इसमे सिल्वर मेडल से ही सतोष करना पड़ा। बालक एवम् बालिका वर्ग में नीमच से 13 खिलाड़ी नेशनल के लिये चयनित किये गये है। बालक वर्ग का भुवनेश्वर उड़ीसा एंवम् बालिका वर्ग को नेशनल जम्मू में आगामी दिनों में आयोजित होगा। प्राचार्य प्रियदर्शन गर्ग, जिला हाकी संघ अध्यक्ष राजेश जैन, इम्तियाज खान, उमा भटनागर, अक्षय पुरोहित ने खिलाडीयो के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बधाई दी।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर को

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मेढक्षत्रिय स्वर्णकार समाज जनकुपुरा पंचायत मंदसौर के तत्वावधान में 12 नवंबर को मंदसौर में तुलसी विवाह और सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा। रविवार को जैनी फूड पर आयोजित हुई एक आम बैठक में यह निर्णय लिया गया है। जनकुपुरा पंचायत अध्यक्ष विजय सोनी मेलखेड़ा वाला, प्रवक्ता पत्रकार चित्रेश सोनी (चंदू बाबा) ने बताया कि देवउठनी एकादशी के पावन पर्व पर विवाह सम्मेलन में समाज के 21 जोड़ों के लक्ष्य के साथ विवाह योग्य युवक-युवती परिणय सूत्र में बंधेंगे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आकर सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए समाज के जिम्मेदार लोगों की विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएंगा। इसके साथ ही वर-वधु के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति की ओर से कई आकर्षक उपहार भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत के वरिष्ठ शिवनारायण सोनी रतलाम ज्वेलर्स, ओमप्रकाश सोनी श्री ज्वेलर्स, अजय सोनी कॉलोनाइजर, संजय वर्मा पत्रकार, राजेन्द्र सोनी, प्रदीप सोनी, जनकुपुरा पंचायत अध्यक्ष विजय सोनी मेलखेड़ा वाला, सचिव जगदीश सोनी अठाना वाला, महिला मंडल अध्यक्ष कविता सोनी, सचिव संगीता सोनी, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष तनिष्क सोनी, सचिव एकलव्य सोनी सहित जनकुपुरा पंचायत के सदस्यगण मौजूद थे। बैठक का संचालन घनश्याम सोनी ने किया एवं आभार घनश्याम सोनी फाइन ज्वेलर्स ने माना।

## जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 16 को

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई है। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार की अध्यक्षता में 16 अगस्त 2024 को जिला पंचायत सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे आयोजित की जाएगी।

# लो वोल्टेज से परेशान बिल्लौदवासी, नए ट्रांसफार्मर के लिए दो माह से लगा रखा स्ट्रक्चर, पर नहीं लगाया ट्रांसफार्मर

**पिपलियामंडी, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** संजीत डीसी के अंतर्गत आने वाले गांव बिल्लौद में बाछड़ा बस्ती व नाहरगढ़ बिल्लौद मार्ग निवासी लंबे समय से लो वोल्टेज समस्या से परेशान हैं, इसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार बिजली विभाग के कर्मचारी को भी अवगत कराया पर अभी तक कोई हल नहीं निकला। ग्रामीण आमीन पठान, युसूफ मन्सूरी, गोपाल पाटीदार सहित बस्तीवासियों का कहना है हमने वाल्टेज कम आने की परेशानी को लेकर जिला कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत भी दर्ज कराई है, पर अब तक समस्या का कोई हल नहीं निकला है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागने करीब दो माह पूर्व नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए गर्मी के दिनों से ही ट्रांसफार्मर के स्ट्रक्चर सहित पूरी नई लाईन के लिए पोल भी लगा रखे हैं पर संजीत डीसी प्रभारी लंबे समय से मामला टाल रहे है। बारिश के दिनों में लाईट नहीं मिलने से लोग परेशान हो रहे है। जब भी ग्रामवासी सुपरवाईज़र को ट्रांसफार्मर लगाने कि बोलते हैं तो वे हमेशा एक दो दिन में लगाने की बोलकर टाल देते हैं। ग्रामीणों ने बताया गया कि लो वोल्टेज होने से कई बार तो रातभर अंधेरे में रहना पड़ता है और अगर लाईट आती भी है तो वोल्टेज कम मिलता हैं, जिससे पंखे भी नहीं चलते है। एसे में मच्छरों का भी प्रकोप से भी बीमारियां बढ़ रही है।

**बरसात के बाद लगा देंगे:**-संजीत डीसी प्रभरी संजय बेलवंशी का कहना है हमें ट्रांसफार्मर लगाने में कोई दिक्कत नहीं है, पर जिन लोगों के खेत के उपर से होकर लाईन गुजर रही है वो रोड़ा अटका रहे है। थोड़ी बारिश रुक जाती है, तो हम लाईन बिछाकर ट्रांसफार्मर चढ़ा देंगे।



## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने किलगारी में शामगढ़, सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने ग्राम किलगरी में शामगढ़, सुवासरा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से परियोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने निर्देश देते हुए कहा कि परियोजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को मिले इस बात का विशेष तौर पर ध्यान दिया जाए। परियोजना के संबंध में किसानों को किसी भी तरह की कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। सिंचाई से संबंधित अगर किसानों को कोई समस्या है तो उसका तुरंत समाधान करें। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत कलेक्टर ने पौधारोपण भी किया।

## अवैध शराब सहित दो व्यक्तियों को पकड़ा

**पिपलियामंडी, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने 13 पावर बीयर व 25 क्वार्टर देशी शराब के साथ भगतराम पिता कारुलाल रांगोटा को एवं 6 पावर बीयर व 11 क्वार्टर देशी शराब के साथ काशी कॉलोनी मल्हारगढ़ निवासी आनंद पिता पूनमचंद प्रजापति को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी ढाबे का कार्य करते है। पुलिस ने आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

दिनांक 01अगस्त 2024
अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ
क्या आप जानते है..?
*जिस जातक की जन्म कुंडली में तीसरे भाव में राहु गृह बैठा है वह एकांत प्रिय, संदिग्ध प्रकृति वाला तथा असत्य वादी होगा, ऐसा जातक लोगों के दृष्टिकोण को समझने तथा उसका उपयोग अपने लाभ के लिए करने में सक्षम होता है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

# मुंशी प्रेमचन्द जयंती के अवसर पर कार्यक्रम सम्पन्न



**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. दिनेशचंद्र गुप्ता ने बताया कि दिनांक 31 जुलाई 2024 को मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजनांतर्गत हिन्दी विभाग द्वारा निबंध, लघु कथा लेखन प्रतियोगिता तथा व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथिगणों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप-दीपन एवं माल्यार्पण किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेशचंद्र गुप्ता ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुऐं प्रेमचन्दजी के जीवन के विविध पहलुओं पर विस्तार से प्रकाष डाला तथा विद्यार्थियों को प्रेमचन्द साहित्य पढ़कर मानवीय मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. जे.एल. आर्य ने कहा कि प्रेमचन्द ने समाज में व्याप्त समस्याओं का उपन्यास एवं कहानी के माध्यम से चित्रण करते हुऐं समाधान भी सुझाया तथा बताया कि प्रेमचन्द के पात्र व्यक्ति का नहीं वर्ग विषेष का प्रतिनिधि करते है। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उमा गगरानी ने अपने उद्बोधन में बताया कि प्रेमचन्द की ख्याति बताना इस कार्यक्रम का उद्देष्य नहीं है वरन् वे मानवीय संवेदनाओं के प्रति कितने सतर्क थे इससे लोगों को रूबरू कराना इसका उद्देश्य है। आपने आगे बताया कि प्रेमचन्द जी आज भी प्रासंगिक है प्रेमचन्दजी को पढ़ना स्वयं को परिपक्व करना है। इस अवसर पर निबंध एवं लघु कथा लेखन का आयोजन किया गया। जिसमें निबंध में सुमित नेक्स प्रथम एवं लघु कथा लेखन में राधिका बैरागी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन हिन्द विभाग की प्राध्यापक डॉ. ज्योति डोसी ने किया तथा आभार डॉ. सीमा जैन ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. नेहा दीक्षित, प्रो. वर्दीचंद राठौर, प्रो. कुलवंत कौर टुटेजा, डॉ. गौरव पाण्डे, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. अनिल आर्य, डा. पंकज शर्मा, प्रो. सोहन यादव, प्रो. प्रहलाद भट्ट, डॉ. भारतसिंह कलेश, डॉ. संतोष कुमार मालवीय, डॉ. संजय कुमार पंवार आदि प्राध्यापक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# वसूली के उद्देश्य और अनाधिकृत प्रवेश के आरोप में रामपुरा पुलिस द्वारा कथित दो पत्रकारों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**वसूली हेतु अधीक्षक के खिलाफ छात्रों को उकसाने का आरोप, पीत पत्रकारिता के खिलाफ नीमच एसपी के मंसूबे जाहिर**

**नीमच, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पत्रकारिता को बदनाम कर व्लैकमेलिंग और अवैध वसूली की घटनाओं की सूचना आए दिन आती रहती हैं। अनाधिकृत और कुकुरमुत्ते की तरह अपने स्वार्थ की खातिर मैदान में आए तथाकथित पत्रकारों पर सरकार व पत्रकार संगठनो द्वारा कारगर रोक नहीं लगा पाने की वजह से लगातार पत्रकारिता में ऐसे लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। पुलिस थाने, ब्लॉक ऑफिस, आरटीओ ऑफिस, नगर निगम जैसे कार्यालयों में दलाल बनें फर्जी पत्रकार भी घूमते हैं और कई बार झूँठी खबरें प्रसारित करने की धमकी देकर वसूली करते हैं। शासन-प्रशासन ऐसे फर्जी पत्रकारों से परेशान है। ये वास्तविक पत्रकारों और सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। इन लोगों की वजह से आम जन भी त्रस्त हैं।

हालांकि नीमच एसपी अंकित जायसवाल ने भी अपनी कार्यशैली से अपने इरादे जाहीर कर दिए हैं। नीमच एसपी ने जहां नीमच में पत्रकारों से अच्छे रिश्ते भी बनाएँ और लगातार संवाद कायम किया है। लेकिन साथ ही यह संदेश भी दे दिया कि पीत पत्रकारिता किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नीमच एसपी के मंसूबों को प्रदर्शित करता एक मामला नीमच जिले के रामपुरा थाने में दर्ज हुआ है। जिसमें प्री मैट्रिक छात्रावास रामपुरा के अधीक्षक मानसिंह पिता कंवरलाल चंद्रवंशी ने बताया कि मेरी अनुपस्थिति में छात्रावास के अंदर पत्रकार अजीमुल्ला खान व मुकेश राठौर द्वारा छात्रों को डरा-धमका कर अवैध वसूली के उद्देश्य से अनाधिकृत प्रवेश कर गुमराह कर अपने स्वार्थ के लिए मन गढ़ंत बयान देने का दबाव बनाया गया। जानकारी अनुसार प्रार्थी नए शिकायत दर्ज करते हुए बताया की मैं मानसिंह चंद्रवंशी अधीक्षक प्री मैट्रिक छात्रावास में पदस्थ हूं। मैं दिनांक 20.7.2024 को रात्रि 9:00 बजे बाजार में काम से गया था। करीब आधा घंटे बाद छात्रावास में आया तो मुझे छात्रावास में रह रहे छात्र लखन बलाई, दीपक धनगर, सुमित मेहतर द्वारा बताया गया कि थोड़ी देर पहले पत्रकार अजीमुल्ला खान व मुकेश राठौर दोनों छात्रावास में घुस गए और बोले कि तुम्हारा अधीक्षक कहां है तो हमने बताया कि बाजार गए हैं, इस पर दोनों बोले कि तुम हमें बाइट दे दो कि तुम्हारा अधीक्षक खाने पीने की वस्तुओं में खूब पैसा कमा रहा है मगर हमे सुविधाये नहीं दे रहा है। इस पर हमने बाइट देने से मना कर दिया तो हमें डराया धमकाया और टेबल पर पुस्तक थी वह भी फाड़ दी, साथ ही उनकी बात नया मानने पर बाद में देख लेने की धमकी दी और चले गए। निवेदन है कि छात्रावास की छवि को देखते हुए भविष्य में दोबारा इस प्रकार का माहौल खराब करने की स्थिति उत्पन्न ना हो इसलिए दोनों पत्रकार अजीमुल्ला खान व मुकेश राठौर पर उचित और वैधानिक कार्रवाई करें। पुलिस ने मामले को जांच में लिया ओर सबूतों की जांच में आरोपों को सही पाया। थाना प्रभारी ने वरिष्ठ अधिकारियों मार्गदर्शन में पत्रकार अजीमुल्ला खान और मुकेश राठौर पर धारा 119(1), 332(उ), 324(4), 351(2), 3(5), बीएनएस 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2)तर, 3(2)त, ओर एसटीएससी समेत विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 17 | 2301 | 2515 |
| उडद | 3 | 3600 | 5850 |
| सोयाबीन | 5100 | 3600 | 4420 |
| गैहु | 4100 | 2550 | 3150 |
| चना | 179 | 5699 | 6891 |
| मसुर | 153 | 5100 | 6120 |
| धनिया | 350 | 4899 | 6700 |
| लहसुन | 12400 | 7000 | 20500 |
| मैथी | 660 | 4101 | 5890 |
| अलसी | 1860 | 5375 | 5810 |
| सरसो | 483 | 4901 | 5252 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 128 | 9800 | 12400 |
| प्याज | 2000 | 1201 | 2761 |
| कलोंजी | 12 | 14075 | 17600 |
| डॉलर | 37 | 9401 | 13111 |
| तिल्ली | 130 | 2800 | 12500 |
| मटरसुखी | 1 | 3292 | 3292 |
| असालीया | 70 | 9461 | 10831 |

# दुकानदार को पीटने का बनाया था वीडियो, पुलिस ने निकाल दी बदमाशों की दादागिरी



**रतलाम, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्टेशन रोड पुलिस ने लक्ष्मीनगर में बुजुर्ग दुकानदार पर जानलेवा हमला कर दुकान में तोड़फोड़ करने के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित रेहान खान व उसके साथियों रोशन सोलंकी व अमन मीर का बुधवार को जूलूस निकाला। पुलिस ने बदमाशों की दादागिरी निकाली तथा तीनों को पैदल जुलूस के रूप में थाने से घटनास्थल तक ले गई और घटना की तस्दीक कराई। आरोपित कान पकड़कर चल रहे थे तथा उनसे ठीक से चला भी नहीं जा रहा था। मुख्य आरोपित के पैरों में चोट लगी हुई हुई थी। पुलिस का कहना है कि जब उसे पकड़ने गए थे तो भागने के दौरान वह गिर गया था।

**यह भी पूरी घटना–** उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई की शाम 72 वर्षीय किराना दुकानदार रमेशचंद्र पोखरना निवासी लक्ष्मीनगर अपनी किराना दुकान पर बैठे हुए थे। तभी आरोपित 20 वर्षीय रेहान खान पुत्र जब्बार खान निवासी जूनी कलालसेरी लोहे की राड लेकर दुकान पर पहुंचा था। उसने दुकान में तोड़फोड़ कर राड से रमेशचंद्र पोखरना पर हमला कर मारपीट की थी।सि र में चोट लगने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद वह अपने दो साथियों के साथ मौके से भाग गया था।

**अस्पताल में भर्ती कराया गया–** उसने साथी 19 वर्षीय रोशन सोलंकी निवासी जूनी कलाल सेरी से हमला करने का वीडियो बनवाया था तथा साथी 21 वर्षीय अमन मीर निवासी जूनी कलालसेरी के साथ बाइक पर बैठकर भाग निकला था। रमेशचंद्र पोखरना को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने रेहान व उसके साथियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। तभी से पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही थी। एसपी राहुल कुमार लोढा के निर्देशन में टीमों ने जगह-जगह दबिशें दी तथा तीनों को मंगलवार रात गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ लोगों व घायल के स्वजन ने आक्रोश व्यक्त करते हुए आरोपितों को कड़ी सजा देने की मांग की। मौके पर ज्यादा भीड़ व हंगामे की स्थिति बनने लगी थी। पुलिस अधिकारियों ने लोगों समझाइश देकर शांत किया। वहीं आरोपित कान पकड़कर अपराध करना पाप.. नारे लगाते हुए चल रहे थे।

**अपून की दादागिरी गाने के साथ किया था वीडियो पोस्ट–**29 व 30 जनवरी 2023 की दरियानी रात आरोपित भय्यू मराठा व उसके साथियों ने घर में घुस कर अवधेश त्रिवेदी निवासी मेहताजी का वास पर हमला कर दिया था। तब भय्यू के साथ रेहान भी था। त्रिवेदी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने भय्यू, रेहान व अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया था। रेहान कुछ समय पहले ही छुटकर आया है। उसने क्षेत्र में अपनी दादागिरी जमाने के लिए साथियों के साथ मिलकर दुकानदार रमेशचंद्र पोखरना पर हमला किया था तथा हमले का वीडियो बनवाकर अपुन की दादागिरी गाने के साथ रील बनाकर इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया था।

## तेज रफ्तार एसयूवी कार बिजली पोल से टकराई

**नीमच, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले नीमच मनासा मार्ग स्थित चंबल कॉलोनी के सामने बुधवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक तेज रफ्तार महिंद्रा एसयूवी कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे लगे बिजली के पोल से टकराकर खाई में चली गई। हादसा इतना भयानक था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। टकराने की वजह से सभी एयर बैग खुल गए। गनीमत यह रही कि कार सवार किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई, वे बाल-बाल बच गए।बताया जा रहा है कि कार शहर के एक निजी होटल व्यवसाय की थी जो मनासा की ओर से नीमच की ओर आ रही थी। इसी दौरान कर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराती हुई खाई में घुस गई। कार राजस्थान पासिंग है, जिसका नम्बर क्र्ह 28 र 6027 है। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त कार में करीब तीन से चार लोग सवार थे। यह भी बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कुछ देर के लिए विद्युत व्यवस्था भी बाधित हुई थी।

### गडकरी ने दिया वित्त मंत्री को सुझाव, कहा...

## लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस से जीएसटी हटा लें



**नई दिल्ली, 31 जुलाई।** अगर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंत्रिमंडल में अपने सहयोगी नितिन गडकरी की बात मान ली तो आने वाले दिनों में लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस का प्रीमियम कम हो सकता है। दरअसल रोड ट्रांसपोर्ट और हाईवे मिनिस्टर नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने लाइफ और मेडिकल इंश्योरेंस प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी को वापस लेने की मांग की है।

नितिन गडकरी ने 28 जुलाई को फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण को लिखे अपने लेटर में कहा, आपसे अनुरोध है कि आप लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी हटाने के सुझाव पर प्राथमिकता से विचार करें। क्योंकि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए बोझिल हो जाता है। फिलहाल, जीवन और चिकित्सा बीमा प्रीमियम, दोनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है।

**कर्मचारियों ने नितिन गडकरी से की मांग–**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, जीवन बीमा और हेल्थ इंश्योरेंस, आज हर व्यक्ति की जरूरत है और सामाजिक रूप से जरूरी है। ऐसे में इन उत्पादों के प्रीमियम पर 18 फीसदी टैक्स, इस सेक्टर की ग्रोथ को भी प्रभावित करता है। यूनियन मिनिस्टर नितिन गडकरी का वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लिखा यह लेटर, नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ के जवाब में था। इस एम्प्लाई यूनियन ने इंश्योरेंस इंडस्ट्री के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में बताते हुए नितिन गडकरी को एक ज्ञापन सौंपा था। अपने ज्ञापन में कर्मचारी संघ ने कहा, जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर टैक्स लगाने के समान है। हमारा मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को सुरक्षा देने के लिए बीमा पॉलिसी खरीदता, ऐसे में इस इंश्योरेंस कवर को खरीदने के लिए प्रीमियम पर टैक्स नहीं लगाया जाना चाहिए। अगर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जीएसटी काउंसिल की बैठक में नितिन गडकरी के सुझाव को स्वीकार करती हैं तो लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम में कमी आ सकती है।

# कोटवार की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

**जावद, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान संदीप कुमार जैन, अपर सत्र न्यायाधीश महोदय, जावद द्वारा कोटवार की हत्या करने वाले आरोपी दिनेश उर्फ सगस पिता मांगीलाल धाकड, उम्र-29 वर्ष, निवासी-ग्राम धनगांव, थाना सिंगोली, जिला नीमच को धारा 302 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत आजीवन कारावास एवं 100रू अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक श्री योगेश कुमार तिवारी द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 05.03.2021 को प्रभुलाल माली ने थाना सिंगोली में सूचना दी की देवीलाल जो कि उसके बडे पिताजी का लडका होकर कोटवार हैं, वह दिनांक 04.03.2021 को रात्रि से लापता हैं। दिनांक 05.03.2021 को ही राजू सुतार ने थाना सिंगोली में फोन पर सूचना दी कि देवीलाल माली जंगल में गणेशजी की छतरियों के पास मृत अवस्था में पड़ा हुआ हैं। पुलिस द्वारा मर्ग कायम किये जाने के पश्चात् जांच की गई, जिसमें यह तथ्य सामने आया की मृतक की पत्नी के आरोपी के साथ अवैध संबंध होने के विवाद के कारण आरोपी द्वारा रस्सी से मृतक का गला घोटकर हत्या की गई तथा लाश व उसके पास मृतक की मोटरसाईकल को इस प्रकार रखा गया की ऐसा लगे कि मृतक की दुर्घटना से मृत्यु हो गई हैं। जांच उपरांत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं आवश्यक साक्ष्य एकत्रित की जाकर विवेचना उपरांत अभियोग पत्र जावद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए शासन द्वारा इस प्रकरण को जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप में चिन्हित किया गया। अभियोजन द्वारा माननीय अपर सत्र न्यायालय, जावद के समक्ष विचारण के दौरान फरियादी व विवेचक सहित सभी वैज्ञानिक एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्रस्तुत कर अभियुक्त के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए उसको कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिससे सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्री योगेश कुमार तिवारी द्वारा की गई।

# अंतर राज्यीय चोर गिरोह के 7 सदस्य गिरफ्तार

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने नीमच के राजकुमार बाछड़ा गैंग के 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने राजस्थान के चितौड़गढ़ जिले के बिजौलिया कस्बे में 16 जुलाई को बंदूक दिखाकर चोरी की थी।

बिजोलिया कस्बे के कैलाश खटीक के घर 16 जुलाई की रात हथियारबंद बदमाशों ने नकदी, आभूषण समेत लाखों की की चोरी की थी। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान राजकुमार बाछड़ा गैंग के रूप में हुई। पुलिस ने बुधवार को गैंग के 7 सदस्यों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से हथियार और दो कार बरामद की।चितौड़गढ़ एसपी दुष्यन राजन ने बताया कि आरोपियों की गैंग के खिलाफ राजस्थान, मप्र, गुजरात व कर्नाटक में 100 से ज्यादा चोरी और डकैती के प्रकरण दर्ज होना सामने आया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया और पूछताछ जारी है।उन्होंने बताया कि आरोपी बहुत ही प्लानिंग से वारदात को अंजाम देते हैं। वारदात करते समय वे मुख्य मार्ग व नाकाबंदी पाइंट से बचते हुए कच्चे रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। वे एक समय फिक्स करते हैं और पैदल वारदात को अंजाम देने जाते हैं। यहां हथियार लेकर एक व्यक्ति रैकी करता है, जबकि दूसरा भीतर हथियार के साथ खड़ा रहता है। वारदात के बाद तय समय पर उक्त स्थान पर सभी मिलते हैं। यहां गाड़ी में बैठकर रवाना होते हैं। चुरी के माल को घर लेकर जाने की जगह पहले ही खपा देते हैं।

**पुलिस ने इन्हें किया गिरफ्तार–** भीमा पिता बसंती लाल बाछड़ा (30) निवासी हाडी पिपलिया थाना मनासा नीमच, मोहित पिता अनिल बाछड़ा (25) निवासी हाड़ा पिपलिया थाना मनासा नीमच, पप्पू कुमार पिता राजेन्द्र कुमार बाछड़ा (28) निवासी तलाऊ थाना कुकड़ेश्वर नीमच, अजय पिता राजू बाछड़ा निवासी मोया (29) थाना कुकड़ेश्वर नीमच, ईश्वर दास पिता रामदास बैरागी (40) निवासी मोया थाना कुकड़ेश्वर नीमच, राजकुमार पिता रामप्रसाद बाछड़ा (37) निवासी मोया कुकड़ेश्वर, राहुल पिता शंकर बाछड़ा (25) जैतपुरा नीमच एमपी को मामले में गिरफ्तार किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर दी लाड़ली बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर की एक और बड़ी सौगात...

## राज्य सरकार कोई जनहितैषी योजना नहीं करेगी बंद, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं को मिलेगा दो-दो लाख रूपए का बीमा कवर



**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एक भाई के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की लाड़ली बहनों को एक और बड़ी सौगात दी है। उन्होंने कहा कि रक्षा बंधन पर्व आ रहा है, लाड़ली बहनों के खाते में एक अगस्त को राखी के लिये 250 रूपये अंतरित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके अलावा उज्ज्वला गैस कनेक्शनधारी 40 लाख लाड़ली बहनों को गैस सिलेंडर मात्र 450 रूपये में उपलब्ध करायेगी। गैस रिफिलिंग की शेष राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। मंगलवार को केबिनेट द्वारा इसकी स्वीकृति दे दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनवाड़ी और पोषणाहार से जुड़ी बहनें अर्थात आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका बहनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का कवर देने का निर्णय भी मंत्रिपरिषद ने किया गया है। सरकार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मिनी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को दो-दो लाख रूपए का बीमा कवर देने का निर्णय लिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊठाकरे सभागार में मीडिया से चर्चा में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा कोई जनहितैषी योजना बंद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक सुलभ बनाने तथा जन-सामान्य के हित संवर्धन की दृष्टिसे समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी वर्गों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये आवश्यकतानुसार नई योजनाएं भी संचालित की जाएंगी।



## 1857 क्रांति की मध्यप्रदेश में पहली गोली नीमच में चली-कलेक्टर

**मनासा, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को वायुसेना से विशेष दल शासकीय रामचंद्र विश्वनाथ महाविद्यालय मनासा में उपस्थित हुआ और सर्जेंट राजीव खताना ने सेमिनार के माध्यम से वायुसेना में भर्ती हेतु अग्निपथ योजना के अन्तगर्त भारतीय वायु सेना के अग्निविरवायु में भर्ती प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी । कार्यक्रम का शुभआरम्भ प्राचार्य डॉ . एम. एल धाकड़ द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विशेष अथिति कलेक्टर दिनेश जैन ने कहा की 1857 की क्रांति की पहली गोली नीमच में चली और विद्यार्थियो को सेना में भर्ती हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे एडीएम लक्ष्मी गामड़ ने रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसडीएम पवन बरिया , डिप्टी कलेक्टर रश्मि श्रीवास्तव , डिप्टी कलेक्टर किरण अंजना उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन प्रो. अरुण चौरसिया द्वारा किया गया । कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो.सुशील मईड़ा एवं डॉ अनिल जैन , प्रो .सुदेश कलम , प्रो.सुमित मेडा ,डॉ स्मिता रावत ,और महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का आभार डॉ .जीक के कुमावत द्वारा किया गया।

# रिहायशी इलाके में बने बाड़े में घुसा तेंदुआ

**नीमच, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नीमच के रामपुरा वन्य क्षेत्र के गांव चेनपुरिया चारण बस्ती, रावली कुड़ी में बुधवार सुबह उस समय हडक़ंप मच गया, जब मवेशियों की एक बारे में तेंदुआ घुस गया। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहीं ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को भी सूचना दी है फिलहाल तेंदुए को पकडने का प्रयास जारी है।

बताया जा रहा है कि तेंदुआ सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच गांव के देवीदान चारण नामक व्यक्ति के बाड़े में घुस गया। वहां बाडे में बोई गई ज्वार की फसल की आड़ में छिप गया है। जब यह ग्रामीणों की नजर में आया तो हडक़ंप मच गया।गौरतलब है कि चेनपुरिया चारण बस्ती, रावली कुडी गांव गांधीसागर सागर वन्य अभ्यारण्य क्षेत्र से सटा हुआ है। चीता प्रोजेक्ट के लिए भी गांव से सटाकर तेंदुए के लिए बाड़ा बनाया गया है। जिसका ग्रामीण पहले ही विरोध कर चुके हैं। गांव में करीब 20 से 25 हजार से अधिक मवेशी है जो उक्त जंगल मे ही चरते हैं। यहां के लोग पशुपालन से अपना जीवन यापन कर रहे हैं। उनका मानना है कि पहले ही तेंदुए के आतंक से वे परेशान हैं, चीता प्रोजेक्ट के बाद मवेशियों के लिए ओर उनके लिए खतरा बड़ जाएगा। उनके सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो जाएगा।

# अवैध खनन से खोखला हो रहा नगराज भेरूजी मगरा



**नगरी, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के नगराज भेरुजी मगरे पर लंबे समय से किए जा रहे है अवैध खनन से मगरा क्षेत्र अपना? अस्तित्व खोता दिखाई दे रहा है। बुधवार को नगराज भेरुजी मगरे पर अवैध खनन की सोशल मीडिया पर कार्रवाई की मांग के बाद पटवारी ने मोके पर जाकर खनन तो रुकवा दिया किन्तु खनन पर स्थाई प्रतिबंध कि, मांग नागरिकों द्वारा की गई हैं। नगर के नगरी आक्या मागृ पर स्थित नगराज भेरुजी मगरे पर सफेद मुरम का अवैध खनन कीया जा रहा है। पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर अटोलिया का कहना है कि नगर की? धरोहर है। लगातार खनन से मगरा आपन अस्तित्व खो रहा है। मंदिर के पिछे की शासकीय जमीन को भविष्य में बनने वाली सीएम राइज स्कूल एवं प्रस्तावित उपमंडी के लिए आरक्षित करने की योजना भी है। किंतु खनन से मगरा क्षेत्र के आसपास की जमीन पर तालाब जैसी स्थिति बन गई है। कांग्रेस पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष सुरेश ट्रेलर का कहना कि संबंधित अधिकारियों को अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। पटवारी मागू दास का कहना है कि अवैध खनन की सुचना पर जाकर सख्त हिदायत देते हुए बंद कराया गया। भविष्य में खनन बंद करावाते हुए मगरा क्षेत्र में खनन नहीं की चेतावनी दी गई। कार्रवाई खनिज विभाग कर सकता।

## मप्र में मोहन सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों को दो और पहली बार के मिनिस्टर्स को मिलेगा एक जिले का प्रभार

**भोपाल, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार के मंत्रियों को अगले सप्ताह तक जिलों का प्रभार मिल जाएगा। वरिष्ठ मंत्रियों को दो-दो जिले दिए जाएंगे। कुछ मंत्रियों को गृह जिलों का प्रभार भी दिया जा सकता है। मंत्रियों को ऐसे जिले दिए जाएंगे, जिनकी सीमाएं एक-दूसरे से लगी हों। प्रभार के जिलों पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव अंतिम निर्णय भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों से चर्चा के बाद करेंगे। प्रदेश में जिलों की संख्या 55 है और मुख्यमंत्री सहित 32 मंत्री हैं। ऐसे में कुछ मंत्रियों को एक से अधिक जिलों का प्रभार देना होगा। राजनीतिक और क्षेत्रीय समीकरणों को देखते हुए वरिष्ठ मंत्रियों को दो जिले और पहली बार के मंत्रियों को एक-एक जिले का प्रभार दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पहले ही कह चुके हैं कि 15 अगस्त को जिला मुख्यालयों पर होने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री होंगे। अगले सप्ताह तक संगठन पदाधिकारियों से चर्चा के बाद इस संबंध में अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को राजनीतिक और क्षेत्रीय समीकरणों को देखते हुए जिले आवंटित किए जाएंगे।

### पवन चक्की के सुरक्षा गार्ड की... पेज 1 से जारी

टीआई से भी बात हुई होगी। कुल मिलाकर पुलिस प्रणाली में हुई लापरवाही से एक युवक की जान चली गई।

**आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन–**इस घटना को लेकर ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। लोगों ने बर्डिया अमरा में शव रखकर चक्काजाम करते हुए प्रदर्शन किया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने समझाने की कोशिश की। लेकिन लोग कलेक्टर को मौके पर बुलाने की बात पर अड़े हुए नजर आए। इसके बाद कंपनी के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाईश दी।

**चीखने की आवाज आई और कट गया फोन–**फील्ड मैनेजर दीपक मालवीय ने बताया, सुबह 3.37 बजे सिक्योरिटी गार्ड विशाल प्रजापति का फोन आया। उसने कहा कि पिकअप में कुछ लोग आए हैं। गार्ड से करीब एक मिनट बात हुई, इसके बाद चीखने की आवाज आई और फोन कट गया। इसके बाद आसपास की पवन चक्कियों के गार्ड को कॉल कर मौके पर जाने के लिए कहा। उन्हें लगा विशाल बदमाशों के पीछे भागा है, वे आगे बढ़े तो शव पड़ा था। दीपक मालवीय ने बताया, शामगढ़ थाना प्रभारी उदय सिंह अलावा को कॉल किया। उन्होंने पास के थाने पर सूचना देने के लिए कहा। 24 जुलाई को चोरी के मामले में आवेदन देने गरोठ थाने गया था, तब एएसआई गजेंद्र शर्मा ने अपना नंबर दिया था। मैंने उन्हें कॉल किया। वे बात सुने बिना गालियां देने लगे। मैंने कॉल रिकॉर्ड कर ली।

### प्यार में पागल युवक ने युवती... पेज 1 से जारी

युवक-युवती के साथ पार्क के बाहर खड़ा था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। इसी बीच युवक ने चाकू से हमला कर दिया। युवती की चीख सुनकर लोग मौके पर जुटे। युवक ने लोगों के सामने चिल्लाते हुए कहा, प्यार करके धोखा देती है। ये लड़कियां पैसा खाती हैं। तुमने मुझे छोड़ा। कितने बॉयफ्रेंड हैं तेरे। अयान, रियान, आजाद, हर्षित, फिर भाग गया।

**यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में शामिल है आरोपी–**कांग्रेस युवा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह राठौर ने बताया कि कुलदीप ज्ञानोदय महाविद्यालय में एनएसयूआई का कॉलेज अध्यक्ष रहा है। वहीं, पार्टी से जुड़े अन्य नेताओं का कहना है कि कुलदीप को हाल ही में यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया था।

# नगर परिषद की बैठक ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सम्पन्न



**पिपलियामंडी, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को पहली बार नगर परिषद् की बैठक ट्रेंचिंग ग्राउंड पर सम्पन्न हुई। जिसमें 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस मनाये जाने हेतु, संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब की मूर्ति महामाया चौराहे पर स्थापना हेतु प्रस्ताव हुआ। उक्त प्रतिमा पहले वार्ड 9 में लगाई जाना प्रस्तावित थी, लेकिन सामाजिक न्याय मंच की मांग थी कि उक्त प्रतिमा मुख्य मार्ग पर लगाई जाए, इसके चलते बैठक में वार्ड 9 के पार्षद बाबू मंसूरी ने प्रतिमा को मुख्य मार्ग पर लगाई जाने के लिए सहमति प्रदान की, साथ ही वार्ड 9 में बाबा साहब की प्रतिमा के लिए रिक्त हुए स्थान पर अन्य महापुरुष की प्रतिमा लगाई जाने की बात रखी। इसके अलावा शहीद हेमू कालानी की मूर्ति, गांधी चौराहे के पास महावीर साइकल के यहां चौराहे पर स्थापना हेतु स्थान का चयन किया गया। साथ ही निकाय के ग्राम टीलाखेड़ा सर्वे क्रमांक 104 का द्वितीय अपील प्रकरण उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में प्रचलित होने से अभिभाषक नियुक्त किये जाने की सर्वानुमति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक उपरान्त निकाय के लेखापाल चन्द्र प्रकाश अग्रवाल का सेवानिवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचालन उपयंत्री राजेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर नप अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, पार्षदगण कमल गुर्जर, श्रवण चोहान, संतोष योगी, चेतना पोरवाल, बलराम सोलंकी, माया महावर, धापूबाई कोहली, बाबू मंसूरी, संगीता धनोतिया, सरफरराज मेव, वंदना तिवारी, ललित कसेरा, विष्णुबाला कराड़ा के अलावा जिला परियोजना अधिकारी गरिमा पाटीदार, पिपलिया सीमएओ प्रवीण सेन, नारायणगढ़ सीमएओ प्रमोद जैन सहित निकाय कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## कलेक्टर ने 8 लेन गरोठ संगम पर पौधारोपण किया

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस मार्ग (8 लेन) संगम गरोठ पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 1200 पौधे लगाए गए।

## मेडिकल कॉलेज में होगी ऑनलाइन ट्रेकिंग

**मंदसौर, 31 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश का चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मेडिकल कॉलेजों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने और मेडिकल स्टूडेंट्स में तनाव को दूर करने के लिए एक नई पहल शुरू की है। अब मेडिकल कॉलेजों में टीचर्स किस तरह पढ़ा रहे हैं, स्टूडेंट्स इसका फीडबैक डायरेक्ट कमिश्नर मेडिकल एजुकेशन और डायरेक्टर मेडिकल एजुकेशन तक पहुंचा सकेंगे। इस फीडबैक के आधार पर खराब प्रदर्शन वाले टीचर्स की काउंसिलिंग कराई जाएगी। जरूरत पड़ने पर उन्हें प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाएगा। अब तक स्टूडेंट्स के फीडबैक की कोई व्यवस्था नहीं थी, लेकिन प्रदेश में पहली बार यह व्यवस्था की जा रही है।


## कार्यालय नगर परिषद भानपुरा, जिला मंदसौर (म.प्र.)

Email-cmobhanpura@mpurban.gov.in, Phone- 07427-236601

क्रं./लो.नि./ई-टेण्डर/2024/751 — भानपुरा, दिनांक-31.07.2024

### **** निविदा सूचना ****

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 2024_UAD_361074_1 | एसबीएम 1.0 अंतर्गत एमआर एफ सेंटर में कचरा प्रथक्करण के लिए उपकरण क्रय | 03 माह 4300000 | 1– 5000 2– 32250 |

नोट–1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने, ऑनलाईन बिड़ सबमिट करने एवं निविद खोले जाने की विस्तृत जानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दी गई है। 2. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर किया जावेगा, पृथम से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

विनोद शिव भानपिया, अध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा — श्रीमती रेहाना डा. जाकिर हुसैन, अध्यक्ष, नगर परिषद भानपुरा — सुभाष बागड़ी, सभापति लोक निर्माण, नगर परिषद भानपुरा — मोहम्मद अशफाक खान, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद भानपुरा



## कार्यालय जिला पंचायत, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/मनरेगा/वाहन/2024/2579 — मंदसौर, दिनांक-31.07.2024

### ** निविदा हेतु विज्ञप्ति **

जिले में ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के संचालन के एवं सतत निरीक्षण एवं मानिटरिंग हेतु मनरेगा योजना के तहत डीजल वाहन की आवश्यकता है। जो मासिक किराये पर लिया जावेगा।

| क्रं. | वाहन का प्रकार | वाहन संख्या |
|---|---|---|
| 1 | बोलेरो/अन्य वाहन | 01 वाहन |

इच्छुक निविदाकर्तागण दिनांक 08.08.2024 अपरान्ह 2 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर अपरान्ह 3 बजे तक जमा कर सकते है। प्राप्त निविदा दिनांक 09 अगस्त 2024 को सायं 4 बजे खोली जावेगी। निविदा से संबंधित विस्तृत शर्तें का अवलोकन mandsaur.nic.in तथा कार्यालय जिला पंचायत मंदसौर में कार्यालयीन (अवकाश छोड़कर) समय में देखी जा सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत, मंदसौर



### *** नाम परिवर्तन सूचना ***

मेरा पूर्व में ड्रायविंग लायसेंस में नाम SHAHID HUSAIN QURESHI (शाहिद हुसैन कुरेशी) पिता MOINUDDIN QURESHI (मोईनउद्दीन कुरेशी)था, वर्तमान व भविष्य में मुझे SHAHID HUSEN (शाहिद हुसैन) पिता MOINUDDIN QURESHI (मोईनउद्दीन कुरेशी) के नाम से जाना व पहचाना जाता है। भविष्य में मुझे SHAHID HUSEN (शाहिद हुसैन) पिता MOINUDDIN QURESHI (मोईनउद्दीन कुरेशी) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

SHAHID HUSEN (शाहिद हुसैन)
दलौदा चौपाटी, दलौदा, जिला मंदसौर (म.प्र.)



## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648




स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्मिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in